दिनांक : 22.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

समाचार.....

सरकार 100 दिन/आयुष्मान लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों ने केन्द्र सरकार का आभार माना है। भोपाल की बेबी माली ने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन्हें अपना इलाज कराने में आसानी हुई। बेबी माली को किडनी संबंधी समस्या है और वह इस वर्ष में अब तक पांच लाख रुपए से अधिक का निशुल्क उपचार प्राप्त कर चुकी हैं।

विदेश सचिव–न्यूयॉर्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान क्वाड शिखर सम्मेलन और द्विपक्षीय बैठकों से वैश्विक विकास, शांति और सुरक्षा के लिए भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करने का एक मंच प्रदान किया है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने आज न्यूयॉर्क में बताया कि श्री मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच 297 चोरी की गई भारतीय प्राचीन वस्तुओं को भारत को वापस लौटाने का भी निर्णय लिया गया।

श्री मिश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड सम्मेलन की मेजबानी करने और क्वाड को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री आज न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। वे नवीनतम तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए प्रमुख अमरीकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री प्रचार जम्मू

जम्मू–कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों के नेता जोर–शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सांबा विधानसभा, में भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। मॉडर्न एजुकेशन इंस्टीट्यूट, घगवाल, सांबा में हुई इस सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मजबूत सरकार ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश और जम्मूकश्मीर के बीच प्राचीन काल से संबंध रहे हैं। मुख्यमंत्री शाम को गुर्हा सलाठिया के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## स्वच्छता ही सेवा

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगरमालवा में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मुहिम को लेकर मालवा एक्सप्रेस, स्वच्छता रथ गांवों में जाकर स्वच्छता सहभागी गतिविधियों के लिए अपील कर रहा हैष साथ ही युवाओं बच्चों वह स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई जा रही है। रतलाम में कल देहली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को 4 प्रकार के कचरे के पृथक्कीकरण करने व गीले कचरे से घर में ही खाद बनाने की विधि से अवगत कराया। खंडवा नगर निगम द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के अंतर्गत आज शहर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। जनपद पंचायत छैगांव माखन में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली आयोजित हुई, जिसमें स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पुनासा ब्लॉक में आयोजित हुआ सफाई अभियान पुनासा ब्लॉक में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम की महिलाओं द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया।

## क्रिकेट

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 280 रन से जीत लिया है। इस जीत से टीम ने सीरीज में 1—0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। चेपॉक स्टेडियम में आज मैच के चौथे दिन भारतीय टीम ने 515 रन चेज कर रही बांग्लादेश को दूसरी पारी में 234 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत की ओर से रविचंद्र्न अश्विन ने छह विकेट लिए। रवीन्द्र जाडेजा को तीन विकेट मिले। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रविचंद्र्न अश्विन को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन पर घोषित की और बांग्लादेश को 515 रन का टारगेट दिया। टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी।

..............................